# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
**Telecom Regulatory Authority of India**

वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, छठा तल, टावर-एफ, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029

World Trade Centre, 6th Floor, Tower-F, Nauroji Nagar New Delhi – 110029

सत्यमेव जयते

भादूविप्रा TRAI


**संख्याः 1-07/2025-प्रशासन एवं कार्मिक** **दिनांकः 25 मार्च, 2025**

**सेवा में,**

**भारत सरकार के सभी मंत्रालय / विभाग,**
**केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय**
(संलग्न सूची के अनुसारः ई-मेल द्वारा)

**विषयः भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर संयुक्त सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण) के पद को भरने के संबंध में।**

महोदय,

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत संसद के द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भादूविप्रा की स्थापना दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने और दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने, दूरसंचार क्षेत्र के उचित एवं व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने तथा सुनिश्चित करने और इनसे संबंधित प्रासंगिक मामलों के लिए की गई है। वर्ष 2004 से, भादूविप्रा को प्रसारण एवं केबल सेवाओं के विनियमन से जुड़े कार्य का अधिकार भी सौंपा गया है।

2. भादूविप्रा प्रारंभ में **तीन वर्षों** के लिए **भादूविप्रा (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर संयुक्त सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण)** के पदों को भरने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है। पद के लिए योग्यता एवं अनुभव आदि के विवरण नीचे दिये गये हैः-

| पद का नाम | वेतनमान / पे-लेवल | पात्रता की शर्तें | योग्यता |
|---|---|---|---|
| **संयुक्त सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण)** | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल 13, रुपये 123100-215900 एवं सरकारी नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता और अन्य भत्ते इत्यादि | केन्द्रीय सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय के अधिकारीः<br>(i) जो लेवल-13 में समकक्ष पद पर कार्यरत हैं। **अथवा**<br>(ii) जिन्होंने पे-लेवल 12 में पाँच वर्ष की नियमित सेवा की है । **अथवा**<br>(iii) जिन्होंने ग्रुप 'ए' में बारह वर्ष की नियमित सेवा की है, जिसमें से कम से कम पाँच वर्ष की सेवा पे-लेवल 12 में की है। | **अनिवार्य योग्यता**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्विद्यालय / संस्थान से व्यवसाय प्रशासन / अर्थशास्त्र / वाणिज्य / इजीनियरिंग / विधि / विज्ञान/ मानविकी में स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री या भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान/भारतीय लागत एवं निर्माण लेखाकार संस्थान (आईसीडब्ल्यूएआई) की सदस्यता एवं संबंधित क्षेत्र में वांछनिय अनुभव।<br>**वांछनीय योग्यता**<br>दूरसंचार में डोमेन विशेषज्ञता। समायोजित सकल राजस्व/स्पेक्ट्रम मूल्यांकन और मूल्य निर्धारण से संबंधित मामलों को संभालने में कार्य अनुभव। |

क्रमशः...पृ/2

**संख्याः 1-07/2025-प्रशासन एवं कार्मिक** **दिनांकः 25 मार्च, 2025**

3. प्रतिनियुक्ति पर पदों को भरने के लिए असमान संगठनों जैसे सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम/पीएसयू बैंक में कार्यरत उम्मीदवारों की पात्रता पर विचार करने के उद्देश्य से, ट्राई सीडीए स्केल के निम्नलिखित समकक्षता/सादृश्य पदों का पालन करेगा:-

| पदों का सी.डी.ए. वेतन स्तर | पीएसयू में मूल पदों के आईडीए स्केल में समकक्ष ग्रेड | सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में मूल पदों के समकक्ष ग्रेड/वेतनमान |
|---|---|---|
| लेवल-13 | (ई-7 ग्रेड)<br>रु. 1,00,000 - 2,60,000 (संशोधित)<br>रु. 43,200 - 66,000 (पूर्व संशोधित) | उप महाप्रबंधक /स्केल-VI<br>रु. 1,04,240 - 1,16,120 (संशोधित)<br>रु. 68,680 - 76,520 (पूर्व संशोधित) |
| लेवल-12 | (ई-6 ग्रेड)<br>रु. 90,000 - 2,40,000 (संशोधित)<br>रु. 36,600 - 62,000 (पूर्व संशोधित)<br>(ई-5 ग्रेड 3 वर्ष के अनुभव के साथ)<br>रु. 80,000 - 2,20,000 (संशोधित)<br>रु. 32,900 - 58,000 (पूर्व संशोधित) | एजीएम/स्केल-V<br>रु. 89,890 - 1,00,350 (संशोधित)<br>रु. 59,170 - 66,070 (पूर्व संशोधित) |
| लेवल-11 | (ई-4 ग्रेड)<br>रु. 70,000 - 2,00,000 (संशोधित)<br>रु. 29,100 - 54,500 (पूर्व संशोधित) | मुख्य प्रबंधक /स्केल-IV<br>रु. 76,010 - 89,890 (संशोधित)<br>रु. 50,030 - रु. 59170 (पूर्व संशोधित) |

4. यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर की जायेगी और यह कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्थापना (पे-।।) दिनांक 17 जून, 2010 और इसमें समय-समय पर किये गये संशोधन के अधीन होंगी। **प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु भादूविप्रा में आवेदन करने की अन्तिम तिथि पर आवेदक की आयु किसी भी तरह 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

5. पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले और संबंधित अनुभव आदि रखने वाले आवेदक केवल **URL: https://vacancies.trai.gov.in** पर **ऑनलाइन** माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

6. सभी मंत्रालयों / विभागों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाएं, उनके चयन के मामले में तुरंत प्राधिकरण के अधीन शामिल की जा सकती हैं; की प्रमाणित ऑनलाईन आवेदन-पत्र की हार्ड-कॉपी *(जो कि https://vacancies.trai.gov.in से डाउनलोड़ की गई हो)* एवं आवेदक के पिछली पाँच वर्षो की ए.सी.आर. / ए.पी.ए.आर. की सत्यापित प्रतिलिपियों और सतर्कता / अनुशासनिक क्लीयरेंस सहित प्रेषित करने का आग्रह किया जाता है। आवेदक द्वारा लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखकर **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, छठा तल, टावर-एफ, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029** दिनांक **14 अप्रैल, 2025** को यां उससे पहिले प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

7. यदि उपरोक्त हिंदी संस्करण में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो इस मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

भवदीय,

**(दुर्गेन्द्र सिंह जादौन)**
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.)
दूरभाषः 011-23664-213

क्रमशः...पृ/3

**प्रतिलिपिः-**

1. विशेष कार्याधिकारी, अध्यक्ष, भादूविप्रा का कार्यालय
2. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सदस्य, भादूविप्रा का कार्यालय
3. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव, भादूविप्रा का कार्यालय
4. सभी प्रधान सलाहकार / सलाहकार (मुख्यालय) एवं क्षेत्रीय कार्यालय, भादूविप्रा
5. संयुक्त सलाहकार (आई.टी.) - कृपया इसे भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।
6. निदेशक (सी.एस. प्रभाग), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोकनायक भवन, नई दिल्ली - कृपया इसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।
7. उप महाप्रबंधक (रोजगार), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली- 110001 - कृपया इसे नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।
8. नोटिस बोर्ड़